




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 18 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 247 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# पिछली सरकारों में माफियाराज

## उन्नाव में सीएम की सपा-कांग्रेस पर तीरंदाजी, प्रदेश की दुर्गति के लिए ठहराया जिम्मेदार

● 19 परियोजनाओं का लोकार्पण और 82 का किया शिलान्यास

● कहा-आज प्रदेश खुशहाल है, बिना सिफारिश गरीबों तक पहुंच रही सरकार की लाभकारी योजनाएं



**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह 10.30 बजे भौनीखेड़ा डीह में लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने जनपदवासियों को सड़क, शिक्षा, बिजली, पेयजल से जुड़ी 104 परियोजनाओं का तोहफा दिया। इन कामों में 19 परियोजनाओं का लोकार्पण किया जबकि, 82 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सभी कामों की लागत 570.32 करोड़ है। इसमें लोकार्पण की परियोजनाओं की कुल लागत 378.40 करोड़ है, जबकि, शिलान्यास वाली परियोजनाओं की कुल लागत 191.92 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुरानी कहावत का जिक्र करते हुए गुरुवार को सपा पर निशाना साधा। कहा कि पहले नारा था देख सपाई बिटिया घबराई। वह यहीं नहीं रुके, विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि पिछली सरकारें सिर्फ परिवार तक सीमित थीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लिए नेहरू व सपा के लिए सैफई परिवार ही सब कुछ था। आवाज उठाने वालों की आवाज बंद कर दी जाती थी। रामायण में खर व दूषण की तरह कांग्रेस व सपा में माफियाराज था। दोनों दल देश की दुर्गति के लिए जिम्मेदार हैं। दंगा-कर्फ्यू ग्रस्त प्रदेश बनाने वाले आज उपदेश दे रहे हैं, इनके दोहरे चरित्र पर हंसी आती है। उन्होंने दावा किया कि उप्र पर प्रभु श्रीराम, बाबा विश्वनाथ व मां गंगा का आशीर्वाद है और अब विकास का पहिया केवल लखनऊ या हजरतगंज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्नाव से होकर कानपुर तक जाएगा। विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज शौचालय, आवास, पेंशन, गैस कनेक्शन और आयुष्मान भारत योजना का लाभ बिना किसी सिफारिश के सीधे गरीबों तक पहुंच रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार के 10-12 वर्षों के काम की तुलना सपा-कांग्रेस से करते हुए कहा कि जो काम भाजपा ने किया है, वह ये दल कभी नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री ने लोगों को विकास परियोजनाओं की बधाई देते हुए कहा कि अब उन्नाव की कनोक्टिविटी फोरलेन की हो गई है। यहां से दिल्ली व प्रयागराज के लिए सबको बाईपास करके पहुंचा जा सकता है। यहां तेजी से औद्योगिक क्लस्टर विकसित होंगे, जिससे जिले के युवाओं को अब रोजगार के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा, उन्हें यहीं काम मिलेगा। पिछली बार वादा किया था कि विकास की हर योजना उन्नाव तक पहुंचेगी। आज उन्नाव का व्यक्ति लखनऊ को बाईपास कर सीधे दिल्ली जा सकता है। डिफेंस कारिडोर व एक्सप्रेसवे के पास उद्योग लगेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 700 एकड़ जमीन डिफेंस कारिडोर और इंडस्ट्रियल कारिडोर के लिए ली जा रही है। उन्नाव स्टेट कैपिटल रीजन में शामिल किया जाएगा।

## ममता को बड़ा झटका, ऋतब्रत बनर्जी ही होंगे बंगाल में नेता प्रतिपक्ष



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी को कलकत्ता हाई कोर्ट से एक और बड़ा सियासी झटका लगा है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को टीएमसी के बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को अगली सुनवाई से पहले अपने-अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा प्रतिवादियों को जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का समय मिला है, जिसके बाद याचिकाकर्ता को अपना पक्ष रखने के लिए दो हफ्ते मिलेंगे। इस मामले की अगली सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी।

## शेयर बाजार सुस्त, सेंसेक्स-निफ्टी शुरुआती सुस्ती के बाद संभले

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार की सुबह नरम शुरुआत हुई। बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 111.23 अंक गिरकर 77,044.39 पर आ गया; निफ्टी 26.85 अंक गिरकर 24,058.85 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 94.71 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार की शुरुआत भारी सुस्ती के साथ हुई और बाजार लाल निशान में आ गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 111.23 अंक गिरकर 77,044.39 के स्तर पर आ गया, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.85 अंकों की गिरावट के साथ 24,058.85 पर पहुंच गया।

## शिवसेना यूबीटी का एक्शन! छह सांसदों को कारण बताओ नोटिस

**मुम्बई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने गुरुवार को उन सांसदों (MP) को कारण बताओ नोटिस जारी किया जो संसदीय दल की एक अहम बैठक में शामिल नहीं हुए थे। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि शिवसेना (UBT) के कुछ सांसद पार्टी छोड़कर शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए पार्टी सांसद अनिल देसाई ने कहा कि बैठक में शामिल न होने वाले सांसदों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है और अनुपस्थित रहने वाले सभी सांसदों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे गैर-हाजिरी का कारण पूछा गया है। देसाई ने कहा कि बैठक अभी खत्म हुई है, आज ही कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। जब उनसे पूछा गया कि बैठक में शामिल न होने वालों के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई की जाएगी, तो उन्होंने कहा कि कार्रवाई यही है: कारण बताओ नोटिस। उनसे पूछा जाएगा कि वे क्यों नहीं आए। जो लोग नहीं आए, उन सभी को नोटिस दिया जाएगा। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि पार्टी सभी गैर-मौजूद सांसदों से जवाब मांगेगी।

## वायुसेना अधिकारी की पत्नी से रेप का आरोपी फरार मौलवी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में वायुसेना के एक अधिकारी की पत्नी के साथ मारपीट, ब्लैकमेलिंग और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मामले का तीसरा आरोपी मौलाना मजरत महमूद मकसूद, जो लंबे समय से फरार चल रहा था, बुधवार देर रात सोनेगांव पुलिस स्टेशन में सरेंडर कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मौलाना को आज यानी गुरुवार (18 जून) को कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां पुलिस उसकी रिमांड की मांग करेगी। दरअसल, वायुसेना के एक अधिकारी की पत्नी के कथित धर्म परिवर्तन और दुर्व्यवहार का सनसनीखेज मामला इस सप्ताह की शुरुआत में सामने आया था। महिला ने अपने एक पुराने सहपाठी और उसके साथियों पर बलात्कार, ब्लैकमेल, काला जादू और जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया है।

## राजभर का 'सपा में टूट' वाला बयान खारिज

● खुद बलिया सांसद ने किया खंडन, कहा-मैं कभी पार्टी से अलग नहीं हो सकता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के समाजवादी पार्टी में टूट को लेकर बड़ा दावा सांसद सनातन पांडेय ने खारिज कर दिया है। सांसद सनातन पांडेय ने राजभर के बयान को हास्यस्पद पद बताने से साथ उनको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात करने के लिए धन्यवाद भी दिया। राजभर के बयान को सनातन पांडेय ने झुठलाया और कहा कि यदि मैं समाजवादी पार्टी से बागी हुआ तो सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लूंगा। समाजवादी पार्टी ने ही हमको सब-कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें सपा से कोई अलग नहीं कर सकता है। ओपी राजभर के एक्स पर 'बागी बलिया' वाले पोस्ट पर बलिया से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडेय ने कहा कि मुझे ये सभी बातें हंसी वाली लगती हैं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि कोई मेरे बारे में ऐसी बातें कहेगा। समाजवादी पार्टी ने मुझे विधायक और सांसद बनने का मौका दिया। अब राजभर ने मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कर दिया है।

## 29 सवारियों से भरा टेंपो ट्रैवलर गिरा खाई में दो महिलाओं की मौत

**कालाढूंगी।** एक टेंपो ट्रैवलर में बच्चों सहित 29 लोग सवार होकर नैनीताल घूमने गए थे। नैनीताल घूमने के बाद वापसी में यूपी के पर्यटकों का यह टेंपो ट्रैवलर नगर से एक किलामीटर पहले खाई में जा गिरा। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत व बच्चों सहित कई पर्यटक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने किसी तरह घायलों को पौन घंटे में खाई निकाल निजी वाहनों सीएचसी पहुंचाया। लेकिन चिकित्साकर्मी नदारद थे। डाक्टर्स कहीं अता-पता नहीं था। पांच बैडों वाले सीएचसी में 20 से अधिक गंभीर घायल पहुंचने से अफरा-तफरी मच गयी। चिकित्साकर्मियों की गैरहाजिरी पर पर्यटकों व स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट गया। घायलों को बैठने के लिए बैंच तक नसीब नहीं हुआ। जिसके बाद बाजपुर, हल्द्वानी से आयी एंबुलेंस से घायलों को हल्द्वानी भेजा गया। टेंपो ट्रैवलर में बच्चों सहित 29 लोगों का सवार होना प्रशासन व पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाता है।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी गाड़ी एक ही गांव के सात लोगों की मौत

**चंबा।** पुखरी के अंतर्गत चंबा-मसरूंड मार्ग पर छतरूंड के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। हादसे का शिकार हुई बोलेरो (एचपी-01सी-2581) ग्राम पंचायत कुठेड़ के महल गांव की बताई जा रही है। मृतकों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। महल गांव के लोग पंचायत के काकड़ोथा गांव में आयोजित मुंडन संस्कार की धाम में शामिल होने गए थे। धाम खाने के बाद सभी लोग बोलेरो में सवार होकर अपने घर लौट रहे थे।

## तमिलनाडु विधानसभा परिसर में डीएमके विधायकों का सीएम के खिलाफ प्रदर्शन




**चेन्नइ।** तमिलनाडु में कथित तौर पर बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) के विधायकों ने आज विधानसभा में काले बैज पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। सत्र शुरू होने से पहले विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। यह विरोध राज्य में युवा लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा की बढ़ती घटनाओं की खबरों के बीच किया गया। विधायकों ने 'मुंह खोलिए, मुख्यमंत्री!', 'क्या आपको पीड़ा की चीखें सुनाई दे रही हैं? 'शेरनी महिलाएं' कहां हैं?' जैसे नारों वाले पोस्टर भी प्रदर्शित किए। डीएमके ने कहा कि तमिलनाडु में युवा लड़कियों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं और इसी मुद्दे को लेकर विधायकों ने 'Speak Up CM' (वाई थिरंगा सीएम) नारे वाले काले बैज पहनकर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया।






## बच्चा तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़



डाक्टर समेत 12 गिरफ्तार

● राजधानी के बेगमपुर के अस्पताल से चल रहा था खेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट टीम ने एक बड़े अंतरराज्यीय बच्चा तस्करी सिंडिकेट का गुरुवार सुबह भंडाफोड़ किया। पुलिस ने इस मामले में 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया और 5 नाबालिग शिशुओं को बचा लिया। इन आरोपितों में रोहिणी के बेगमपुर इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल का मालिक भी शामिल है, जो खुद डॉक्टर है। पुलिस को संदेह है कि इस डॉक्टर ने अपने अस्पताल का दुरुपयोग कर बच्चों की तस्करी का नेटवर्क बना रखा था। आरोपित गरीब लोगों के बच्चे जो उस अस्पताल में पैदा होते थे उन्हें ऐसे दंपती को बेच दिया जाता था जिन्हें कोई संतान नहीं होती थी। खासकर, उन्हें जो बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के अवैध तरीके से बच्चा गोद लेना चाहते थे।

## नेता-अभिनेता के कार्यक्रम में हंगामा

● बेकाबू भीड़ ने तोड़कर फेंकी कुर्सियां, पुलिस ने भांजी लाठी



**बलिया।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह और गोरखपुर सांसद रवि किशन की मौजूदगी में मंगलवार देर रात नगरा क्षेत्र में आयोजित एक निजी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भारी हंगामा हो गया। दोनों कलाकारों की एक झलक पाने के लिए उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ अचानक बेकाबू हो गई। हालात इतने बिगड़ गए कि कार्यक्रम स्थल पर कुर्सियां फेंकी जाने लगीं, बैरिकेडिंग टूट गई और अफरा-तफरी मच गई। स्थिति नियंत्रण से बाहर होते देख पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। घटना में कई दर्शक घायल हो गए, जबकि 12 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भाजपा नेता एवं पूर्व प्रमुख अनिल सिंह के यहां आयोजित मांगलिक समारोह में भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह, सांसद व अभिनेता रवि किशन, गायिका शालिनी सिंह तथा सृष्टि भारती प्रस्तुति देने पहुंचे थे।

जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 40.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 18 जून, गुरुवार, 2026 (2)





# लूट-खसोट का दूसरा नाम भाजपा

## सपा महानगर अध्यक्ष ने बुनियादी मुद्दों पर सरकार को घेरा



● संविधान प्रदत्त अधिकारों की धज्जियां बिखेर दीं
● आरक्षण का माखौल उड़ाकर की गयी नियुक्तियां
● महंगाई से जनता कर रही त्राहिमाम

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** महानगर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष दिलीप डे पराणकर भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के द्वारा संविधान में दिए गए प्रदत अधिकारों की धज्जियाँ उड़ाते हुए वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा आरक्षण की खुली लूट हो रही है। एक तरफ तो वैसे ही नौकरियां नहीं मिल रही है जिससे बेरोजगारों की संख्या दिन प्रति बढ़ रही है दूसरे तरफ पीडीए के लोगों को मिले ओ बी सी, sc/St आरक्षण का माखौल उड़ाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 विभागों में जो नियुक्तियां की है उसमें आरक्षित वर्ग (पीडीए) के लोगों के लिए निर्धारित सीटों पर भारी संख्या में अनियमितता बरती गई है, आरक्षित वर्ग के सीटों की लूट हुई है चाहे शिक्षक भर्ती हो लेखपाल, पुलिस भर्ती हो सभी में ओबीसी, sc /St के आरक्षण को लूटा गया है। सरकार पर हमला बोलते हुए दिलीप डे ने कहा कि सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से कितने नौजवान अवसादग्रस्त हो चुके हैं, लेकिन भाजपा सरकार के सेहत पर कोई असर नहीं पड़ रहा, महंगाई चरमोत्कर्ष पर पहुंच चुकी है, आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, रोजमर्रा की चीजों के बेतहाशा दाम बढ़ने से आधी आबादी के अन्दर भारी आक्रोश व्यापत है, तो वहीं पूरे उत्तर प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार एवं पीडीए के लोगों का तेजी से उत्पीड़न हो रहा है। दिलीप डे ने आगे कहा कि SIR के बाद जो वोटर लिस्ट प्रकाशित की गई है उसमें व्यापक त्रुटियां है, विगत दिनों जिलाधिकारी महोदय को वोटर लिस्ट की त्रुटियों से सम्बन्धित सबूत के साथ ज्ञापन दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही की जानकारी नहीं दी गई, भाजपा सरकार लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, सारे सार्वजनिक संस्थाओं पर क़ब्ज़ा कर उनका दुरुपयोग कर रही है। ग्रह सरकार हर मोर्चे पर विफल है।




## जागरूकता के लिए जमीनी स्तर पर कार्यक्रम होना चाहिए



● राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने बुधवार को सर्किट हाउस स्थित सभागार में महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। प्राप्त प्रकरणों में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की संख्या अधिक रही। इस दौरान रवि शंकर सिंह सिटी मजिस्ट्रेट, नम्रता श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र, रशीदा बेगम वरिष्ठ सहायक, रेखा श्रीवास्तव, प्रियंका राय रश्मि दुबे, पूजा सिंह, अनामिका यादव, शालिनी पांडे आदि उपस्थित रहीं।

# खबरदार! कोई नई परम्परा नहीं

## ताजिये के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन वर्जित

● मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** आगामी मोहर्रम त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक धर्मगुरुओं/इमामों/ताजियेदारों और सिविल डिफेंस के सदस्यों के साथ बुधवार को पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में ट्रैफिक पुलिस लाइन सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने इसमें एक-एक कर सभी शान्ति समिति के सदस्यों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनी और पूरी ज़िम्मेदारी के साथ समाधान कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। साथ ही समिति के सदस्यों को सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के दृष्टिगत जरूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ताजिये वालें स्थानों का भ्रमण कर वहाँ पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि कोई भी ताजिए के साथ अस्त्र-शस्त्र लेकर प्रदर्शन न करें। डीजे की आवाज भी सामान्य रखें।

## बीएचयू पीजी काउंसिलिंग का दूसरा चरण आज से शुरू

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्याल में पीजी प्रवेश के लिए सीट आवंटन और काउंसिलिंग के दूसरे राउंड की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। केंद्रीय प्रवेश समिति द्वारा जारी नए कार्यक्रम के अनुसार, तीसरे राउंड की प्रक्रिया 22 जून और चौथे राउंड की प्रक्रिया 25 जून से शुरू होगी। वहीं, ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू (जीडीपीआई) भी आज से शुरू होकर 25 जून तक संचालित किए जाएंगे। दूसरे राउंड में अधिकांश सीटें भरने की संभावना है। साथ ही, इससे यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में कितनी सीटों का अपग्रेडेशन होना है। जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई है, उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

## अगले सप्ताह छात्रों को मिलेगी यूपी बोर्ड की मार्कशीट

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड के 75507 छात्रों को अगले हफ्ते मार्कशीट छात्रों को उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके लिए विद्यालयों में चेक लिस्ट भेज दी गई है। चेक लिस्ट से डेटा मिलान के बाद रिपोर्ट बोर्ड भेजी जाएगी। इसके बाद बोर्ड की ओर से मार्कशीट जारी की जाएगी। स्क्रूटनी की प्रक्रिया 19 जून तक चलेगी। इसके परिणाम जुलाई में घोषित किए जाएंगे। यूपी बोर्ड की परीक्षा में कुल 92234 छात्र पंजीकृत थे। इनमें इंटरमीडिएट के 45919 और हाईस्कूल के 46315 छात्र थे।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई – टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. (1)** कार्य का नाम : वाराणसी मण्डल : एलसी गेट (खड्डा–सिसवा बाजार के मध्य समपार संख्या 32 कि०मी० 319/4–5, समपार संख्या 32ए कि०मी० 318/8–9, समपार संख्या 31ए कि०मी० 320/7–8, समपार संख्या 28 कि०मी० 327/4–5, समपार संख्या 27 कि०मी० 328/9–329/0, सिवान – सिवान कचहरी के मध्य समपार संख्या 1 कि०मी० 2/159, हथुआ – थावे के मध्य समपार संख्या 15ए कि०मी० 24/427, दुरौंधा – मसरख के मध्य समपार संख्या 4 कि०मी० 5/762, मऊ – शाहगंज के मध्य समपार संख्या 31/44–824 एवं सरायरानी – फरिहाँ के मध्य समपार संख्या 37 कि०मी० 52/6–7) के इण्टरलाकिंग से सम्बन्धित बिल्डिंग का सिविल कार्य (कुल 10 नं०)। ई–निविदा सूचना सं: एनईआर–बीएसबी–2026–86, अनुमानित लागत (₹) : 2,92,49,012/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 5,85,000/–, निविदा बन्द होने की तिथि : 21.07.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी– 2026–86 दिनांक 21.07.2026 को 11.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी
मुजाधि/डब्ल्यू– 180
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं. 99/2026
रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु छपरा-आनन्द विहार (ट) - छपरा साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं आनन्द विहार (ट) - मऊ - आनन्द विहार (ट) साप्ताहिक एक्सप्रेस के संचालन का उद्घाटन छपरा एवं मऊ स्टेशन से दिनांक 19.06.2026 को उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 02527 एवं 05129 चलाकार किया जायेगा।

गाड़ी संख्या 02527 छपरा - आनंद विहार (ट)
उद्घाटन विशेष गाड़ी का संभावित समय एवं ठहराव

| स्टेशन | 02527 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| छपरा | --- | 13.45 |
| बलिया | 15.00 | 15.05 |
| मऊ | 16.05 | 16.10 |
| आजमगढ़ | 16.40 | 16.45 |
| शाहगंज | 18.10 | 18.15 |
| जौनपुर | 18.53 | 18.58 |
| सुल्तानपुर | 20.30 | 20.32 |
| लखनऊ | 22.00 | 22.10 |
| कानपुर सेन्ट्रल | 23.50 | 23.55 |
| अलीगढ | 03.55 | 04.00 |
| गाजियाबाद | 06.05 | 06.10 |
| आनन्द विहार (ट) | 07.30 | ----- |

**रेक संरचना -** एसी 2 टियर - 2, एसी 3 टियर - 5, शयनयान-5, सामान्य द्वितीय श्रेणी-4, एलएसएलआरडी-1, लगेज सह जेनरेटर यान -1= **कुल 18 कोच**

गाड़ी संख्या 05129 मऊ - आनन्द विहार (ट)
उद्घाटन विशेष गाड़ी का संभावित समय एवं ठहराव

| स्टेशन | 05129 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| मऊ | --- | 13.45 |
| मुहम्मदाबाद | 14.15 | 14.17 |
| आजमगढ़ | 14.50 | 14.55 |
| खुरासान रोड | 15.35 | 15.37 |
| शाहगंज | 16.10 | 16.15 |
| जौनपुर | 16.55 | 17.00 |
| जंघई | 18.15 | 18.20 |
| प्रयागराज | 20.35 | 20.45 |
| कानपुर सेंट्रल | 23.05 | 23.10 |
| आनन्द विहार (ट) | 05.45 | ----- |

**रेक संरचना -** एसी 2 टियर - 1, शयनयान-8, सामान्य द्वितीय श्रेणी-4, एलएसएलआरडी-1, लगेज सह जेनरेटर यान -1 = **कुल 15 कोच**
मुजाधि/टी– 21 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## पहली बार मीडिया सहयोगियों के साथ क्वीयर ट्रांसजेंडर

● अस्मिता से जनित संवाद आधारित कार्यशाला



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** ट्रांसजेंडर सेल महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं प्रिज्मैटिक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'पहचानों के साथी' पहल के अंतर्गत मीडिया पेशेवरों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पत्रकारों, संपादकों, कंटेंट क्रिएटर्स एवं अन्य मीडिया कर्मियों का एक सहयोगी नेटवर्क तैयार करना है, जो LGBTQIA+ समुदायों से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशील, सम्मानजनक और समावेशी रिपोर्टिंग को बढ़ावा दे सके। प्रिज्मैटिक फाउंडेशन के नीति ने बताया कि LGBTQIA+ समुदायों के जीवन-अनुभवों, चुनौतियों और उपलब्धियों को सही संदर्भ और सम्मान के साथ प्रस्तुत करना समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन रूमान और स्वागत अनामिका ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनामिका, आदित्य, अर्जुन आदि ने सहयोग दिया।

## डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन में सुनीत के कोर्स रिकॉर्ड 64 ने दिलाई बढ़त

● स्थानीय गोल्फर हेमंत ने भी 64 का स्कोर दागकर दूसरा स्थान हासिल किया



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** कोलकाता के 31 वर्षीय सुनीत चौरसिया ने कोर्स रिकॉर्ड छह-अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलते हुए डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन–वाराणसी के दूसरे राउंड के बाद कुल नौ-अंडर 131 के स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली। 25 लाख रुपये की इनामी राशि वाला यह उद्घाटन टूर्नामेंट बीएलडब्ल्यू ग्रीन्स गोल्फ कोर्स में खेला जा रहा है। सुनीत वर्तमान में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर हैं, वाराणसी में शानदार लय के साथ पहुंचे हैं। वहीं वाराणसी के 28 वर्षीय हेमंत यादव (69-64) ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए छह-अंडर 64 का कार्ड बनाया और सुनीत के नए कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की। बनारस बीएलडब्ल्यू के कर्मचारी हेमंत अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे हैं। उन्होंने पहले दिन संयुक्त छठे स्थान से छलांग लगाकर कुल सात-अंडर 133 के स्कोर के साथ अकेले दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया और अंतिम राउंड से पहले बढ़त को सिर्फ दो शॉट तक सीमित कर दिया।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना संख्या 98/2026
रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु दोहरीघाट–औड़िहार के मध्य चलने वाली मेमू गाड़ी संख्या 65121/65122 का मार्ग विस्तार वाराणसी सिटी तक किया जा रहा है। इस मार्ग विस्तार के संचलन का उद्घाटन दिनांक 19.06.2026 को विशेष गाड़ी संख्या 05123 को मऊ से वाराणसी सिटी तक चलाकर किया जायेगा।

गाड़ी सं0 05123 मऊ–वाराणसी सिटी तक
शुक्रवार 19.06.2026 से
उद्घाटन विशेष गाड़ी 05123 मऊ–वाराणसी सिटी मेमू का समय और ठहराव

| स्टेशन | आ0 | प्र0 |
|---|---|---|
| मऊ | – | 13.45 |
| दुल्लहपुर | 14.05 | 14.07 |
| जखनियां | 14.15 | 14.17 |
| सादात | 14.27 | 14.29 |
| औड़िहार | 14.52 | 14.54 |
| रजवाड़ी | 15.10 | 15.12 |
| कादीपुर | 15.20 | 15.22 |
| सारनाथ | 15.55 | 15.57 |
| वाराणसी सिटी | 16.15 | – |

**संरचना:** उद्घाटन गाड़ी के कुल 8 कोच मेमू श्रेणी के नियमित गाड़ी संख्या 65121/65122 (वाराणसी सिटी–दोहरीघाट–वाराणसी सिटी) का समय एवं ठहराव की जानकारी बाद में दी जाएगी।
मुजाधि/टी–20 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# शरीर और आत्मा को जोड़ने का माध्यम है योग

● योग सप्ताह के तीसरे दिन आयुष मंत्री ने किया सामूहिक योगाभ्यास, पदयात्रा एवं पौधरोपण



**वाराणसी ( जनमुख डेस्क )।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, वाराणसी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास, औषधीय पौधारोपण एवं विशाल योग जनजागरूकता पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि योग हमारी हजारों वर्षों पुरानी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि 'योग' का अर्थ है—जोड़ना। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने की एक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया है।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ


प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## प्रयागराज समाचार

### हिंदू लड़की की लाश 35-दिन बाद कब्र से निकाली गई



**प्रयागराज।** हिंदू समझकर मुस्लिम युवक से शादी करने वाली युवती की मौत की वजहें सामने नहीं आ सकी हैं। 35 दिन बाद कब्र खोदकर 20 वर्षीय युवती का शव पोस्टमॉर्टम के लिए निकाला गया। शव सड़ी-गली हालत में था। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया, लेकिन रिपोर्ट में भी मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका। दरअसल, प्रयागराज के रहने वाले मुस्लिम युवक साहिल ने हिंदू नाम बताकर एमपी के रीवा की युवती गोल्डी से दोस्ती की थी और फिर दोनों ने शादी कर ली। साहिल और गोल्डी की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। दोनों हैदराबाद में जॉब करते थे। 10 मई 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में गोल्डी की मौत हो गई। युवती की मां का आरोप है कि उनकी गर्भवती बेटी की ससुराल वालों ने हत्या कर दी। उसे जहर देकर मार डाला। उनका यह भी कहना है कि मौत के करीब एक महीने बाद, 6 जून को उन्हें इसकी जानकारी दी गई। पुलिस अब मौत की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है। मां बोली- आरोपी ने मेरी बेटी को गुमराह कर शादी की। फिर उसे मार दिया। मां बोली- आरोपी ने मेरी बेटी को गुमराह कर शादी की। फिर उसे मार दिया। मध्य प्रदेश के रीवा जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के तमरी गांव निवासी तीरथ साकेत की बेटी 20 साल की बेटी गोल्डी साकेत हैदराबाद की एक बिस्कुट फैक्ट्री में काम करती थी। हैदराबाद में ही प्रयागराज के कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार निवासी साहिल उर्फ प्रिंस भी एक टेलरिंग शॉप में नौकरी करता था।

## मऊ समाचार

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले सभी तैयारियां पूरी करें

**मऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका परिषद के सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कायञ्योजना पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि योग दिवस से पूर्व सभी नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को योग के लाभों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष अरशद जमाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों को प्रभावी रूप से लागू करते हुए योग दिवस की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सोनभद्र समाचार

### मुहर्रम की तैयारियों को लेकर ताजियादार एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**सोनभद्र।** मुहर्रम को परंपरागत, शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से मनाने के उद्देश्य से ताजियादार एसोसिएशन अहले सुन्नत वल जमात की आवश्यक बैठक बुधवार को नगर पालिका कार्यालय के समीप वारसी कटरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के सदर रोशन खान ने की। बैठक में मुहर्रम के विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए चांद की 6 तारीख को अली असगर का झूला, 7 तारीख को कर्बला से मिट्टी लाने, 8 तारीख को दुलदुल जुलूस, 9 तारीख को इमाम चौकों पर ताजिया बैठाने तथा 10 तारीख को आशूरा के दिन ताजिया भ्रमण व दफन कार्यक्रम को परंपरागत तरीके से आयोजित करने का निणञ्य लिया गया। ताजियादारों ने भीषण गर्मी को देखते हुए दिन के कार्यक्रमों के समय में परिवर्तन की मांग उठाई। साथ ही प्रशासन एवं पुलिस से मुहर्रम के दौरान धार्मिक स्थलों की निगरानी बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की मांग की। नगर पालिका से जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, खुली नालियों को ढकने, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने तथा झूलते तारों को व्यवस्थित कराने की मांग की गई। बैठक में रोशन खान ने कहा कि मुहर्रम हक और इंसाफ के लिए खड़े होने का संदेश देता है और इमाम हुसैन के बताए मार्ग पर चलना आज भी प्रासंगिक है। इस दौरान हाजी फरीद अहमद, एम.ए. सिद्दीकी एडवोकेट, फिरोज सिद्दीकी, शेरू खान, रिजवान सिद्दीकी, आशिफ, मुश्ताक शाह, रिजवान वारसी, जाफर शाह, राजा, दानिश, सुफियान खान, सिराज राइन, रईस अंसारी सहित ताजियादार, ढोल एवं अखाड़ा कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## भदोही समाचार

### ताजिया मार्गों को दुरुस्त कराएं, जर्जर तार बदलें : डीएम

**ज्ञानपुर।** एनआईसी सभागार में बुधवार को बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी शैलेश कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने अधिकारियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और मुहर्रम की तैयारियों की समीक्षा की। वहीं, ताजिया जुलूस के मार्गों को दुरुस्त कराने के साथ सड़कों पर लटके बिजली के जर्जर तारों को तत्काल बदलने को कहा।

डीएम ने कहा कि 21 जून को जिले भर में योग दिवस मनाया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों की सहभागिता होगी।

उन्होंने सभी स्कूलों में योग के कार्यक्रम कराए जाने का निर्देश दिया। मुहर्रम को लेकर डीएम ने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें।

## जौनपुर समाचार

### खेत की बाड़ में प्रवाहित करेंट से किसान की मौत, दस घंटे तक शव नहीं उठने दिया



**महराजगंज।** खेत की बाड़ में प्रवाहित करेंट की चपेट में आने से किसान रामलाल गौतम की मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों ने शव उठाने से इन्कार कर दिया। मौके पर प्रशासन और पांच थानों की पुलिस पहुंची। करीब 10 घंटे चले हंगामे के बाद प्रशासन ने मुआवजा व दोषी के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया तो रात 3 बजे अंतिम संस्कार के लिए शव उठाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के सराय दुर्गादास निवासी संतोष गौतम ने बताया कि उनके छोटे भाई रामलाल गौतम (40) गांव के ही जनार्दन मिश्रा का खेत किराये पर लेकर धान की बेहन डालने की तैयारी कर रहे थे। मंगलवार को शाम लगभग पांच बजे जब वह खेत में पहुंचे थे। इसी दौरान वो बगल के प्रमोद मिश्रा के सब्जी के खेत के चारों तरफ लगी लोहे के तारों में प्रवाहित करेंट की चपेट में आ गए। परिजन उन्हें कोल्हुआ स्थित एक निजी चिकित्सालय ले गए। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परिजन करीब 7 बजे शव घर ले आएं और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया।परिजनों ने दोषी के विरुद्ध कारवाई, 20 लाख मुआवजा,आवास व पट्टा की मांग की। सूचना मिलते ही मौके पर महराजगंज, सुजानगंज, तेजी बाजार व सिंगरामऊ की पुलिस टीम व सीओ बदलापुर के साथ मौके पर पहुंच गई।

## देवरिया समाचार

### किसान को आया चक्कर, मौत

**खुखुंदू।** थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में धान के बेहन में पानी चलाने के लिए पंपिंग सेट चालू करते समय 36 वर्षीय किसान को चक्कर आ गया। जिससे वह खेत में गिरकर अचेत हो गया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मची है। जैतपुरा गांव निवासी शेर मोहम्मद बुधवार की सुबह नौ बजे अपने धान के बेहन में पानी चलाने के लिए बोरिंग पर पंपिंग सेट लगाया और उसके बाद स्टार्ट करते समय उसे चक्कर आ गया। वह खेत में गिरकर अचेत हो गया। इसके बाद आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन आनन-फानन में लेकर मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पत्नी फातिमा खातून बदहवास पड़ी हुई है।

## मीरजापुर समाचार

### महिला जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव, वन स्टॉप सेंटर दे रहे त्वरित सहायता –मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग



**मीरजापुर।** मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग उ0प्र0 नीलम प्रभात ने आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान जिला कारागार का निरीक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण व नरायनपुर विकास खण्ड सभागार में महिला जन सुनवाई/चौपाल का आयोजन किया गया।

आंगनबाड़ी केन्द्र कतवारू का पुरा के निरीक्षण के दौरान मा0 सदस्य ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को नियमित पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान मा0 सदस्य ने जेल में निरूद्ध महिला बन्दियो से मिलकर उनके स्वास्थ्य व जेल में मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी ली। उन्होने जेल निरूद्ध महिला बन्दियो को कौशल विकास प्रशिक्षण व उनके अध्ययन हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नारायनपुर ब्लॉक सभागार में महिला कल्याण विभाग की ओर से महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य नीलम प्रभात ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा समेत पांच प्रकरणो की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। मा0 सदस्य ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि शासन से उपलब्ध कराए गए स्मार्ट फोन का उपयोग डाटा फीडिंग व विभागीय कार्यों के लिए ही करें। उन्होंने कहा कि धात्रियों को पुष्टाहार वितरण केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि उनके साथ परिवार के सदस्यों जैसा व्यवहार भी करने का निर्देश दिया।

## आजमगढ़ समाचार

### अजादारों ने या हुसैन की सदाओं के साथ शुरू किया मातम

**फूलपुर/सरायमीर।** मुहर्रम का चांद नजर आते ही शिया समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार की शाम को चांद दिखाई देते ही अजादारों ने 'या हुसैन' की सदाओं के साथ मातम शुरू कर दिया। महिलाओं ने शोक प्रकट करते हुए अपने जेवर और चूड़ियां उतार दीं और काले लिबास में नजर आईं। इमामबाड़ों और अजाखानों में काली सजावट की गई तथा मजलिसों का सिलसिला प्रारंभ हो गया। घरों और इमाम चौकों पर काले झंडे लगाए गए। ताजिया निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। मेजवा गांव के इमामबाड़े में देर रात आयोजित मजलिस के दौरान मौलाना वसी मोहम्मद खां ने कर्बला की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इमाम हुसैन ने अन्याय के खिलाफ खड़े होकर अपने परिवार और साथियों के साथ शहादत दी।

## गाजीपुर समाचार

### जेई, एसआई और हेड कांस्टेबल के खिलाफ एफआईआर, दुकानदार ने आरोप लगाकर की थी खुदकुशी



**गाजीपुर।** जिले में बिजली बिल की 1.12 लाख रुपये की बकायेदारी और निगम के अफसरों पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर जान देने वाले दुकानदार सुरेंद्र कश्यप के मामले में बुधवार को विजिलेंस के जेई दीपक कुमार, एसआई उदयभान और हेड कांस्टेबल कैलाश भारती के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई मृतक के बेटे शुभम कश्यप की तहरीर पर हुई है। सैदपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि मुरादचक निवासी शुभम कश्यप ने तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2025 के सितंबर-अक्तूबर में विजिलेंस के जेई दीपक कुमार, एसआई उदयभान, हेड कांस्टेबल कैलाश भारती एक अन्य व्यक्ति के साथ आवास पहुंचे थे। इन सबने बिजली कनेक्शन की जांच की और गलत ढंग से बिजली के उपयोग का आरोप लगाते हुए 65,190 रुपये का जुर्माना लगा दिया। साथ ही पिता सुरेंद्र कश्यप को नोटिस दिया था। आर्थिक तंगी की वजह से पिता रुपये नहीं जमा कर सके। इसी बीच पिता के नाम से 1,12,225 रुपये की आरसी जारी हो गई। इसकी वसूली के लिए अमीन संतोष घर आते थे। इससे पिता सुरेंद्र कश्यप दुखी थे। जेई दीपक व उनके साथ आए लोगों की प्रताड़ना के कारण पिता सुरेंद्र कश्यप ने 15 जून की सुबह करीब सात बजे जहर खा लिया था। जानकारी होने पर परिजन उन्हें सीएचसी सैदपुर ले गए जहां उनकी मौत हो गई।

## चंदौली समाचार

### 11 दिन बाद गंगा से मिला दूसरा शिवलिंग



**चंदौली।** सूजाबाद-डोमरी क्षेत्र में 11 दिन बाद मंगलवार को गंगा में दूसरा शिवलिंग मिला। गया है। शिवलिंग की आकृति पहले मिले शिवलिंग से काफी हद तक मिलती-जुलती है। दोनों पर नाग की आकृतियां उकेरी गई हैं, हालांकि नया शिवलिंग आकार में अपेक्षाकृत छोटा है। क्षेत्र में चर्चा कि ये शिवलिंग गंगा में कहां से रहे हैं। कुछ लोग इसे धार्मिक आस्था से जोड़कर देख रहे हैं तो कुछ लोगों का मानना है कि शिवलिंग किसी पुराने मंदिर या निर्माण स्थल से बहकर गंगा में पहुंचा होगा। शिवलिंग पर सफेद सीमेंट को देखकर लोग अंदाजा लगा रहे कि यह शिवलिंग किसी भवन या संरचना का हिस्सा हो सकता है।

## सुल्तानपुर समाचार

### एक साथ उठीं तीन अर्थियां, नम हुईं आंखें



**सुल्तानपुर।** लखीमपुर के मैगलगंज के पास सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में जान गंवाने वाले शहर के शास्त्रीनगर निवासी सिंचाई विभाग के लिपिक विमल सिंह पटेल, उनकी पत्नी वंदना पटेल और भांजी अलिख्या वर्मा का अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया। एक साथ तीन अर्थियां उठीं तो परिजनों के साथ मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। शहर के हथियानाला स्थित श्मशान घाट पर तीनों का अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद तीनों के शव लखीमपुर से सुल्तानपुर स्थित उनके आवास पहुंचे। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी भावुक हो उठे। बुधवार सुबह घर से अंतिम यात्रा निकाली गई। इसमें मोहल्ले के लोगों, रिश्तेदारों और बड़ी संख्या में सिंचाई विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। श्मशान घाट पर विमल सिंह पटेल और उनकी पत्नी वंदना पटेल की चिता को विमल के बड़े पिता के पुत्र राजू वर्मा ने मुखाग्नि दी, जबकि अलिख्या वर्मा की चिता को उनके पिता, दोस्तपुर के रायपुर निवासी संतोष वर्मा ने मुखाग्नि दी।उधर, हादसे में घायल विमल सिंह पटेल की पुत्री भूमि पटेल (14) और पुत्र वीर पटेल (12) का इलाज लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। दोनों बच्चों का मंगलवार को चिकित्सकों ने ऑपरेशन किया। उनकी गंभीर हालत ने परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। अंतिम संस्कार में सिंचाई विभाग खंड-16 के अधिशासी अभियंता शरद कुमार, शैलेश सिंह, कैलाश वर्मा, अरविंद यादव, रितेश दुबे, आशीष श्रीवास्तव, संजीव वर्मा, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य कर्मचारी व शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


### सार्वजनिक सूचना/ PUBLIC NOTICE

सर्वसाधारण जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्रीमती फूलकनी देवी, पत्नी स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद, ग्राम भगवानपुर, परगना देहात अमानत, तहसील एवं जनपद वाराणसी, उत्तर प्रदेश स्थित आराजी संख्या **292** के भाग में स्थित **717** वर्ग फुट क्षेत्रफल की संपत्ति की स्वामिनी थीं, जिसे उन्होंने विक्रय विलेख संख्या 18422 दिनांक 30.04.1988 के माध्यम से प्राप्त किया था।

स्वर्गीय श्रीमती फूलकनी देवी के निधन के उपरान्त उनके वैध उत्तराधिकारी पुत्रगण **श्री हंस प्रभाकर रविदास** एवं **श्री अरविंद प्रभाकर रविदास** के नाम उक्त संपत्ति राजस्व अभिलेखों में विधिवत नामांतरित (Mutation) किए गए।

तत्पश्चात, श्री हंस प्रभाकर रविदास ने अपने राजस्व अभिलेखानुसार 272 वर्ग फुट के आनुपातिक हिस्से को अपनी पत्नी **कुमारी अनीता** के पक्ष में उपहार विलेख (Gift Deed) के माध्यम से हस्तांतरित किया, जिसका पंजीकरण उप-पंजीयक कार्यालय, वाराणसी में दस्तावेज संख्या 5370, दिनांक 11.06.2026 को हुआ।

इसी प्रकार, श्री अरविंद प्रभाकर रविदास ने अपने राजस्व अभिलेखानुसार 272 वर्ग फुट के आनुपातिक हिस्से को अपने भाई श्री हंस प्रभाकर रविदास के पक्ष में उपहार विलेख (Gift Deed) के माध्यम से हस्तांतरित किया, जिसका पंजीकरण उप-पंजीयक कार्यालय, वाराणसी में दस्तावेज संख्या 5371, दिनांक 11.06.2026 को हुआ।

वर्तमान में श्री हंस प्रभाकर रविदास, कुमारी अनीता एवं श्री अरविंद प्रभाकर रविदास उक्त संपत्ति को **SMFG India Credit Company Limited** के पक्ष में ऋण प्राप्त करने हेतु बंधक (Mortgage) रखने की प्रक्रिया में हैं।

अतः यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्थान का उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अधिकार, हित, दावा, बंधक, भार अथवा आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **7 (सात) दिनों** के भीतर अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में आवश्यक अभिलेखों सहित अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता से संपर्क कर लिखित रूप में अवगत कराए।

निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के दावों, बंधनों एवं भारों से मुक्त हैं तथा भविष्य में किया गया कोई भी दावा अमान्य एवं अप्रभावी माना जाएगा।

**नॉर्थ आई एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड**
**अधिवक्ता एवं विधिक परामर्शदाता**
**कॉर्पोरेट कार्यालय:**
जी-187, बिल्डिंग ए-1 ब्लॉक-जी, सेक्टर-63, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
**राज्य कार्यालय:**
बी/2/72, बंधन बैंक के निकट, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, उत्तर प्रदेश
**मोबाइल: 9821800688**


## बलिया समाचार

### सदर तहसील में 5 हजार रिश्वत लेते पकड़ा गया राजस्व निरीक्षक



**बलिया।** एंटी करप्शन टीम आजमगढ़ ने बुधवार को सदर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक रामप्रताप राम को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी किसान से भूमि की पैमाइश कराने के बदले रिश्वत मांग रहा था। गिरफ्तारी के बाद टीम उसे सदर कोतवाली ले गई, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। हालांकि कई कर्मचारी कार्रवाई के विरोध में कोतवाली पहुंचकर विरोध जताने लगे। भ्रष्टाचार निवारण संगठन आजमगढ़ इकाई के निरीक्षक कमलेश पासवान ने बताया कि हल्दी थाना क्षेत्र के सोनवानी निवासी अशोक सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सदर तहसील में कार्यरत राजस्व निरीक्षक रामप्रताप राम भूमि की पैमाइश कराने के बदले पांच हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत की जांच के बाद एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई की योजना बनाई। आजमगढ़ और अयोध्या की संयुक्त 14 सदस्यीय टीम ने बुधवार को सदर तहसील के प्रथम तल स्थित राजस्व निरीक्षक कक्ष संख्या-22 में जाल बिछाया। शिकायतकर्ता को रसायन लगे पांच हजार रुपये दिए गए और निर्धारित योजना के अनुसार उन्हें आरोपी को रकम सौंपने के लिए भेजा गया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने राजस्व निरीक्षक को पांच हजार रुपये दिए, पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने छापेमारी कर उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बैरिया क्षेत्र के दयाछपरा निवासी रामप्रताप राम के रूप में हुई।

## गोरखपुर समाचार

### चारपाई पर सो रहे पिता पर बेटे ने किया कुल्हाड़ी से हमला, सिर-गर्दन पर 7-8 वार, मौके पर ही मौत




**गोरखपुर।** ब्रह्मदेव कन्नौजिया (55) रात में भोजन करने के बाद घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान रात करीब दो से ढाई बजे के बीच उनके छोटे बेटे गोलू कन्नौजिया ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर ने सिर और गर्दन पर सात से आठ वार किए, जिससे ब्रह्मदेव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। जंगल अयोध्या प्रसाद गांव में बुधवार देर रात एक युवक ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। वारदात उस समय हुई जब पिता घर के बाहर चारपाई पर गहरी नींद में सो रहे थे। सिर और गर्दन पर लगातार कई वार किए जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक गांव निवासी ब्रह्मदेव कन्नौजिया (55) रात में भोजन करने के बाद घर के बाहर सो रहे थे। इसी दौरान रात करीब दो से ढाई बजे के बीच उनके छोटे बेटे गोलू कन्नौजिया ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हमलावर ने सिर और गर्दन पर सात से आठ वार किए, जिससे ब्रह्मदेव ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के दौरान हुई आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। खून से लथपथ हालत में ब्रह्मदेव को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। रात करीब तीन बजे प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्रामीणों के अनुसार गोलू दो भाइयों में छोटा है। बताया जा रहा है कि उसका गांव की एक युवती से प्रेम संबंध था। युवती की शादी कुछ समय पहले दूसरे स्थान पर हो जाने के बाद से वह मानसिक तनाव में रहने लगा था। ग्रामीणों का कहना है कि उसके व्यवहार में भी असामान्य परिवर्तन देखने को मिल रहा था। बताया जाता है कि करीब छह माह पहले गोलू की मां का भी निधन हो गया था। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार इस घटना के बाद वह काफी गुमसुम रहने लगा था। हालांकि पुलिस अभी किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और घटना के कारणों की जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पड़ताल की जा रही है।

## लाइफ मंत्र

### 25 जून को बनेगा महादुर्लभ संयोग, 4 शुभ योगों के मिलन से बरसेगी विष्णु कृपा



हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष स्थान है लेकिन इन सभी में निर्जला एकादशी को सबसे कठिन और पुण्यदायी माना गया है। साल 2026 में यह व्रत भक्तों के लिए बेहद खास होने वाला है। इस बार 25 जून को निर्जला एकादशी पर एक साथ 4 अत्यंत शुभ योगों का निर्माण हो रहा है, जो इस दिन के धार्मिक महत्व को कई गुना बढ़ा देगा।

**महादुर्लभ संयोगः एक साथ 4 शुभ योग**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, इस साल निर्जला एकादशी पर शिव योग, रवि योग और सिद्ध योग की त्रिवेणी बनने जा रही है। इसके साथ ही सबसे बड़ा संयोग यह है कि यह व्रत गुरुवार के दिन पड़ रहा है। गुरुवार का दिन और एकादशी भगवान विष्णु को बहुत प्रिय हैं। इस दिन की गई पूजा-अर्चना का फल अन्य दिनों की अपेक्षा अनंत गुना बढ़ जाता है।

**निर्जला एकादशी शुभ मुहूर्त कब रखा जाएगा व्रत?**

पंचांग के अनुसार, निर्जला एकादशी तिथि का आरंभ 24 जून 2026 की शाम 6:12 पर होगा और समापन 25 जून को रात 8:09 बजे होगा। उदया तिथि की मान्यता के अनुसार, निर्जला एकादशी का व्रत 25 जून, गुरुवार को ही रखना शास्त्र सम्मत माना जाएगा।

**निर्जला व्रत का महत्व**

निर्जला एकादशी व्रत अत्यधिक श्रम-साध्य होने के साथ-साथ, कष्ट एवं संयम साध्य भी है। यह एक शारीरिक परीक्षण का दिन भी है जब आप अपनी शारीरिक क्षमता का परीक्षण कर सकते हैं कि क्या आप भूखे-प्यासे एक दिन संयम से निकाल सकते हैं? आधुनिक युग और आने वाले समय में जल का अभाव रहेगा। जल की बचत करना भी सिखाता है यह पर्व। ऐसा व्रत आपातकाल में भी जीना सिखाता है। ये व्रत हमारे धर्म, संस्कृति और देश में किसी न किसी उद्देश्य से रखे गए हैं ताकि हम जीवन में किसी भी आपात स्थिति से निपट सकें। गर्मी से समाज के सभी वर्गों को राहत मिले इसलिए इन दिनों मीठे व ठंडे जल की छबीलें लगाने की प्रथा उत्तर भारत में सदियों से चली आ रही है। जहां जलाभाव है, वहां इसकी पूर्ति की जाए।

# विश्वगुरु न होते हुए.....



विकास की तेज़ चाल विश्वगुरु बना देती है। राजनीति के सबसे प्रसिद्ध, आदरणीय और लोकप्रिय चरित्र यानी विकास जी की मेहरबानियों का सिलसिला थमता नहीं है। किसी ने ख्वाब भी नहीं लिया होगा कि चाहे हर घर में चुल्लू भर जल न हो, खाने के लिए दो वक़्त की रोटी न हो लेकिन कई कई मोबाइल होंगे। कई साल तक यह कहते रहो कि हम विश्वगुरु हैं और बाकी सब हमारे चेले हैं। हमारे जैसा दूसरा कोई नहीं। विश्व में सब कुछ, हर कुछ सबसे पहले हमने ही किया। सबसे ज़्यादा अविष्कार हमने ही किए। दुनियावालों ने हमसे सीखा यानी संसार को हमने सिखाया। फिर किसी दिन कह दो कि विश्वगुरु होने में अभी वक़्त लगेगा तो बात कुछ हजम नहीं होती। कभी यशस्वी गुरुजन कहते रहे कि विश्वगुरु होने के लिए, महागुरु अमेरिका को पीछे छोड़ना पड़ेगा। अब अमेरिका की ट्रम्प चालों ने दुनिया भर में तनाव, अस्थिरता, लड़ाई और झगडा फैला दिया है तो हम कह रहे हैं कि विश्व गुरु होने में समय लगेगा। ऐसे असमंजस में तैरते हालातों में विश्वगुरु होने से तो अच्छा है विश्वगुरु न होना। विकास की तेज़ चाल विश्वगुरु बना देती है। राजनीति के सबसे प्रसिद्ध, आदरणीय और लोकप्रिय चरित्र यानी विकासजी की मेहरबानियों का सिलसिला थमता नहीं है। किसी ने ख्वाब भी नहीं लिया होगा कि चाहे हर घर में चुल्लू भर जल न हो, खाने के लिए दो वक़्त की रोटी न हो लेकिन कई कई मोबाइल होंगे। अब मोबाइल नहीं कहा जाता बलिक स्मार्ट फोन कहा जाता है। डाटा प्रयोग करने के मामले में तो हम विश्वगुरु हैं ही और इस सन्दर्भ में हमें विश्वगुरु के रूप में पहचाना जा चुका है। कुछ भी हो जी, इंटरनेट ने गरीब, संघर्षरत युवा वर्ग व आम जनता का कल्याण कर रखा है। सब सुसंस्कृत, मनोरंजन में व्यस्त, शांत हो चले हैं एक दूसरे को बुरा नहीं कहते, परेशान नहीं करते। किसी को किसी से कोई मतलब नहीं है। सब अपनी अपनी ज़िंदगी में अस्त व्यस्त और मस्त हैं। सभी ने स्वयं को अपना गुरु मान लिया है ऐसे में विश्वगुरु मानो न मानो क्या फर्क पड़ता है। वरिष्ठ नेता, महाजन, प्रसिद्धजन, धनवान और मनवान तो सदियों से खुद को महागुरु समझते रहे और दूसरों को बुद्धू चेलों का हुजूम। यह चेले समाज की कई तरह की ऊंची दीवारों और बंद दरवाजों में जीते रहे और खुद को आनंद विभोर समझते रहे और समझ रहे हैं। अब ख़ास लोगों ने समझाया है कि हम फिलहाल विश्वगुरु नहीं हैं तो हमारे विश्वगुरु न होने की घोषणा का फायदा दुनिया को होने वाला है। इस बहाने दुनिया वाले अपने बारे खुद सोचना शुरू कर सकेंगे। अपने समाज के वैचारिक निणर्य खुद लेंगे। हर क्षेत्र में बार बार प्रेरणा के लिए हमारी तरफ नहीं देखेंगे। कुल मिलाकर हमें भी लाभ होगा वह यह कि हमें इस गर्वीले विचार से आज़ादी मिलेगी कि दुनिया हमारे पीछे चल रही है, हमें बार बार लगातार देख रही है, हमारे बिना संसार का काम नहीं चल रहा। समझदार उच्च कोटि विचार गुरुओं का क्या है, जिस दिन चाहेंगे अच्छा सा मुहर्त निकलवा कर, अपने विश्व गुरु होने की घोषणा फिर से कर देंगे। दुनिया तो बुद्धू है ही, फिर से हमारा लोहा ही नहीं बहुत कुछ मानना शुरू कर देगी।



# युद्ध का असली हासिल ( व्यंग्य )

**युद्ध का सबसे बड़ा हासिल व्यावसायिक फायदा है। खालिस व्यवसायी राष्ट्रपति, अपना नुक्सान ज़्यादा नहीं होने देंगे, दूसरों का बेड़ा गर्क करवा देंगे। उनके हिसाब से युद्ध भी एक सौदा है। उनकी हर चाल ऐसा दिखाती है। कुछ भी सोच सकते हैं। बड़ा सोचना, ज्यादा मांगना उनकी व्यावसायिक शैली में शामिल है।**

दुनिया में जब जब युद्ध होते हैं एक सवाल ज़रूर उभरता है कि युद्ध से क्या हासिल। फिर यह कहा जाता है कि युद्ध से कुछ हासिल नहीं होता लेकिन फिर भी दुनिया के सबसे ताक़तवर देश सालों तक युद्ध लड़ते रहते हैं। युद्ध करवाने वाले ताकतवर नेता कुछ तो हासिल करते ही होंगे।

दर्जनों देशों के प्रभावशाली, प्रशासक, मंत्री अपने- अपने तरीकों और चुने हुए शब्दों में समझाते रहते हैं कि युद्ध से बहुत नुकसान हो रहा है, दुनिया की आर्थिक स्थिति परेशान होकर उलझी पड़ी है, हज़ारों मौतें हो चुकी हैं लेकिन युद्ध है कि जारी रखा जाता है। रूस युक्रेन युद्ध इसकी सबसे बड़ी मिसाल है। दूसरी मिसाल है, अमरीका इजराइल ईरान की लड़ाई जिसके सौंवे दिवस के अशुभ अवसर पर अमरीका और ईरान ने एक दूसरे पर हमले किए। मानो या न मानो युद्ध से कुछ तो हासिल हो रहा है। युद्ध विराम और शांति बातचीत की राख के नीचे शोले बुझते ही नहीं, माहौल में तनाव उबलता रहता है युद्ध के ड्रोन मंडराते रहते हैं।

युद्ध का सबसे बड़ा हासिल व्यावसायिक फायदा है। खालिस व्यवसायी राष्ट्रपति, अपना नुकसान ज़्यादा नहीं होने देंगे, दूसरों का बेड़ा गर्क करवा देंगे। उनके हिसाब से युद्ध भी एक सौदा है। उनकी हर चाल ऐसा दिखाती है। कुछ भी सोच सकते हैं। बड़ा सोचना, ज्यादा मांगना उनकी व्यावसायिक शैली में शामिल है। ज़्यादा मांगेंगे तो ज्यादा मिलेगा, कम मांगोगे तो कम ही मिलने वाला है। उन्हें खुद को खबर बनाना आता है। चर्चा में बनाए रखना आता है। वे व्यावसायिक राजनीतिज्ञों की तरह परिस्थितियों के सभी दरवाज़े खुले रखते हैं। खूब शोर करते हैं और दूसरों को डराते रहते हैं। कहकर मुकर जाते हैं। जैसा बंदा वैसी डील करने को तत्पर रहते हैं। अब तो वैसे भी हर चीज़ में व्यापार और बाज़ार मिला दिया गया है। बड़ा दांव ज्यादा खतरा लेकिन फायदा भी उसी अनुपात में। आम लोग ही तो मरते हैं, घायल हो जाते हैं, विस्थापित होते हैं। ईमारतें और हथियार तबाह होते रहते हैं फिर नए बनाने के लिए मरम्मत के लिए, उद्योग क्षेत्र को काम मिलता है। कुछ भी हो जाए व्यवसाय फैलता रहता है। महंगाई का कर्तव्य तो हमेशा बढ़ते जाना है।

अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं हारकर उदास बैठी हैं। युद्ध जारी रखने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधकों को यह संतुष्टि रहती है कि युद्ध निरंतर है। उन्हें अनिश्चितताओं से घिरी दुनिया से क्या लेना। धार्मिक कट्टरता शत्रुता बढ़े तो बढ़े।

राजनीति को तो यह सब फैलाकर ही रखना होता है। कितने ही अनुभवी, यशस्वी नेताओं की सामरिक शक्ति, रुआब और प्रभाव की पोल खुलती जाती है लेकिन युद्ध से उनकी नाक ऊंची रहती है। स्वार्थ पूरा होता है और नकली इज्ज़त बनी रहती है। जो शांति स्थापित करने के लिए युद्ध जारी रखते हैं इतिहास उन्हें भूलता नहीं। क्या फर्क पड़ता है अगर युद्ध के कारण याद रखता है।

अगर युद्ध से फायदा न हो तो कई तरह का नुक्सान करने वाले इस खतरनाक काम को कौन महीनों तक करता रहेगा। हर व्यवसाय में छिपे हुए फायदे होते हैं जिनका किसी को भी पता नहीं चलता सिर्फ उन्हें पता होता है जो उनके मालिक होते हैं। युद्ध एक व्यवसाय ही तो है जिसका हासिल, ख़ास लोगों को होने वाला किसी न किसी तरह का अशुभ लाभ है।

# हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्षों की यात्रा- 'भाषा' पत्रिका का विशेषांक



संस्मरण स्तंभ में पत्रकारिता जगत का जाना-पहचाना चेहरा अरुण कुमार नैथानी का लेख 'बदलते परिदृश्य में नए साँचे में ढलती पत्रकारिता' परंपरागत पत्रकारिता के सफ़र और आधुनिक पत्रकारिता के पेशेवर स्वरूप को दर्शाता हुआ नवीन पहलुओं पर बात करता है। 'भाषा' पत्रिका में आलेख के साथ-साथ 'परख' स्तंभ में पुस्तक समीक्षा प्रकाशित की जाती है।

30 मई 1826 में कलकत्ता से हिंदी का पहला समाचार पत्र उदंत मार्त्तंड का प्रकाशन होता है। 8 पृष्ठों में छपने वाला यह समाचार पत्र सूर्य की वह रोशनी थी जिसके प्रकाश ने ज्ञान के पथ को आलोकित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। पराधीन भारत में बंगाल की धरती पर हिंदी समाचार पत्र का प्रकाशन महत्त्वपूर्ण घटना थी। इस समाचार पत्र के संपादक युगल किशोर शुक्ल ने हिंदुस्तानियों के हित के हेत यह साहसिक और प्रेरणादायी पहल की। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को रेखांकित करते हुए केंद्रीय हिंदी निदेशालय के निदेशक प्रोफेसर हितेंद्र कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व और प्रधान संपादकत्व में केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने भाषा पत्रिका के विशेषांक ''हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष (हिंदीतरभाषी हिंदी पत्रकारिता के विशेष संदर्भ में)' का मई-जून 2026 अंक प्रकाशित किया है। केंद्रीय हिंदी निदेशालय भाषा पत्रिका के माध्यम से समस्त भारतीय भाषाओं के मध्य एकसूत्रता और समरसता को दर्शाता है। केंद्रीय हिंदी निदेशालय संविधान की समस्त भाषाओं के उत्कृष्ट साहित्य को संकलित, संपादित कर पाठकों तक पहुँचाने का प्रयत्न करता है। इस क्रांतिकारी और राष्ट्रीय भाव के अवसर को अविस्मरणीय बनाने और मजबूती प्रदान करने के लिए केंद्रीय हिंदी निदेशालय ने अपनी स्थापना के 66वें वर्ष में इस लोकोपयोगी और विशिष्ट विशेषांक का प्रकाशन कर राष्ट्र को समर्पित किया है। जहाँ इस विशेषांक में हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा संपादकों और पत्रकारों पर केंद्रित आलेखों को स्थान दिया गया है वहीं विशेष बल हिंदीतरभाषी हिंदी पत्रकारिता को दिया गया है। यह प्रयास अखंड भारत और भारतीयता के भाव को मजबूती प्रदान करता है। अभी हाल ही में हिंदी पत्रकारिता के बहुचर्चित व्यक्तित्व विजयदत्त श्रीधर जी का अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज़ 'समग्र भारतीय पत्रकारिता' ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हुआ है। विशेषांक का प्रथम लेख विजयदत्त श्रीधर जी का 'उदंत मार्तण्ड की द्विशताब्दी (हिंदी पत्रकारिता के दो सौ साल' है। विजयदत्त श्रीधर की लेखनी से प्रसूत यह आलेख पाठकों के लिए अत्यंत उपादेय और जानकारियों से लैस है। संजीव भानावत के 'गैर हिंदी कलम की ताक़त से समृद्ध हुई हिंदी पत्रकारिता' हिंदीतरभाषी हिंदी पत्रकारिता के योगदान को रेखांकित करता है। संजय द्विवेदी के 'स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता का योगदान' शीर्षक लेख में स्वाधीनता आंदोलन की भयावह परिस्थितियों में सामाजिक चेतना जगाने के उत्तरदायित्व का निर्वहन करने में भारतीय भाषाओं के मुखर पक्षों को दर्शाया गया है। मणिपुर की हिंदी पत्रकारिता को आगे बढ़ाने में स्थानीय पत्र पत्रकारिता के योगदान का उल्लेख करता हुआ लोंगजम रोमी देवी का आलेख महत्वपूर्ण है। बहुचर्चित लेखक और विचारक मोहनदास नैमिशराय का महत्त्वपूर्ण लेख 'सामाजिक न्याय से जुड़ी पत्रकारिता' इस अंक को समृद्ध करता है। बंगाल की धरती से सोमा बंद्योपाध्याय का आलेख 'नवजागरणकालीन भारतीय पत्रकारिताः बांग्ला एवं हिंदी के विशेष संदर्भ में' नवजागरण काल की परिस्थितियों में पत्रकारिता की यात्रा और योगदान की विशेष रूप से व्याख्या प्रस्तुत करता है। संस्मरण स्तंभ में पत्रकारिता जगत का जाना-पहचाना चेहरा अरुण कुमार नैथानी का लेख 'बदलते परिदृश्य में नए साँचे में ढलती पत्रकारिता' परंपरागत पत्रकारिता के सफ़र और आधुनिक पत्रकारिता के पेशेवर स्वरूप को दर्शाता हुआ नवीन पहलुओं पर बात करता है। 'भाषा' पत्रिका में आलेख के साथ-साथ 'परख' स्तंभ में पुस्तक समीक्षा प्रकाशित की जाती है। हिंदीतरभाषी हिंदी पत्रकारिता के इस विशेषांक में यह प्रयास रहा है कि समग्र भारतीय पत्रकारिताः 3 खंडों के इस विशाल ग्रंथ में संचित ज्ञानकोश को सधे शब्दों और प्रभावी रूप में पाठकों तक पहुँचाया जाए। इस ग्रंथ की हिंदी के सशक्त हस्ताक्षर प्रोफेसर अमरनाथ द्वारा की गई समीक्षा इस अंक में प्रकाशित हुई है। यह पाठकों के विशाल वर्ग के लिए हिंदी पत्रकारिता के वृहत कालखंड को प्रथमदृष्टया जानने और समझने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। भाषा पत्रिका के इस अंक में भारत के पूर्वोत्तर की हिंदी पत्रकारिता में असम की पत्रकारिता को दर्शाते हुए अनुशब्द का लेख है। पूर्वोत्तर की हिंदी पत्रकारिता के विस्तृत कालखंड को दर्शाते हुए नूरजहाँ रहमातुल्लाह का आलेख सम्मिलित है। अखिलेश शंखधर का मणिपुर की 'महिप' पत्रिका पर केंद्रित लेख मणिपुर की हिंदी पत्रकारिता के योगदान को दर्शाता है। हैदराबाद से प्रकाशित होनेवाली 'कल्पना' पत्रिका को केंद्र में रखकर प्रदीप त्रिपाठी का लेख 'कविता के विकास में कल्पना पत्रिका की भूमिका' दक्षिण की पत्रकारिता को दर्शाता है। सुधा सिंह का 'विशाल भारत के सन् 1947 के अंक' तत्कालीन समय का दस्तावेज प्रस्तुत करता है। खोजी पत्रकारिता, फ़ीचर पत्रकारिता, स्त्री पत्रकारिता, राष्ट्रीय चेतना का ज्वलंत पत्र 'हिंदी केसरी', सुनील तिवारी का लेख 'हिंदी पत्रकारिता की वृहत्रयी के महत् रत्न पं. लक्ष्मण नारायण गर्दे' हिंदीतरभाषी पत्रकारों के अविस्मरणीय योगदान को पाठकों के समक्ष रखता है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पताः टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682